अर्जुन कपूर मेलबर्न में आई.एफ.एफ.एम.- 2019 में स्पैशल मास्टरक्लास करेंगे अटैंड

हालांकि वो अपनी स्पष्टवादिता और समझदारी के लिए ज़्यादा जाने जाते हैं, इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में अर्जुन कपूर एक अप्रत्याशित अतिथि के रूप में शामिल होने वाले हैं। जबकि एक दशक पहले तक यह फिल्म महोत्सव स्वतंत्र सिनेमा तक ही सीमित था, घटनाओं के एक ताज़ा मोड़ के क्रम में कपूर अब 'द फ्यूचर ऑफ सिनेमा' के बारे में पैनल चर्चा में शामिल होने के लिए अपनी उपस्थिति से फेस्टिवल का मान बढ़ाएंगे। ओटीटी प्लेटफार्मों के माध्यम से डिजिटल दुनिया के दौर में और सोशल मीडिया पर उनके स्टारडम को देखते हुए, युवा अभिनेता कपूर इस मास्टरक्लास में स्टोरी टेलिंग में टेम्पलेट के बदलाव और फिल्म मेकर- निर्माता, अभिनेता और निर्देशक के साथ-साथ क्रू मेंबर भी इस बदलते दौर के साथ कैसे तालमेल बिठा रहे हैं, इस बारे में चर्चा करेंगे। यह बातचीत राजीव मसंद द्वारा संचालित की जाएगी, जिसमें कपूर सिनेमा के महत्व, उसके बदलते स्वरूप और कैसे वे सिनेमा के इस परिवर्तन को अपना रहे हैं, इस बारे में अपने विचार बताएंगे। एक घंटे तक चलने वाला यह कार्यक्रम 11 अगस्त को आर्ट्स सेंटर मेलबर्न में होगा। बेहद खुश हुए अर्जुन कहते हैं कि यह मास्टर क्लास सिनेमा के भविष्य के बारे में है और मैं पैनल पर अन्य सदस्यों के साथ और खासकर दर्शकों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। इस फेस्टिवल में जाने का यह मेरा पहला मौका है। ऑस्ट्रेलिया में मैं ऐसे लोगों से मिलना चाह रहा हूँ जो भारतीय सिनेमा देखते हैं। अलग अलग जगहों के लोगों के दृष्टिकोण को समझना हमेशा मज़ेदार होता है। मेलबर्न के प्रतिष्ठित भारतीय फिल्म समारोह में भारतीय सिनेमा पर बोलने और उस शहर में जाने का यह मौका मिलने पर मैं बहुत ख़ुश हूं।